नई दिल्ली, शुक्रवार, 02 फरवरी 2018

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

आम बजट 2018-19

10 लाख लोग हैं गाजियाबाद में नौकरीपेशा 1.70 लाख लोग देते हैं आयकर

65 हजार उद्यमी हैं पंजीकृत गाजियाबाद क्षेत्र में

15 हजार छात्र-छात्राएं हर साल स्नातक पास करते हैं

वैशाली सेक्टर-3 में आयोजित सीए की बैठक में गुरुवार को बजट को लेकर चर्चा करते हुए लोग।

लोगों के सस्ते आशियाने का सपना पूरा होने की आस

गाजियाबाद | कार्यालय संवाददाता

गाजियाबाद में कम कीमत के अफोर्डेबल हाउस मिलेंगे। इन्हें खरीदने पर ब्याज में भी सब्सिडी मिल सकती है। बजट में वित्त मंत्री ने हाउसिंग फॉर आल योजना के लिए फंड प्रदान किया है। साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान दिया है। इससे गाजियाबाद के बिल्डर भी अफोर्डेबल हाउस बनाने पर और ज्यादा ध्यान देंगे।

बजट में राहत देते हुए सरकार ने 2022 तक हर गरीब को खुद का घर देने की योजना बनाई है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गाजियाबाद में नौ हजार मकान बनाए जा रहे हैं क्रेडाई के उपाध्यक्ष मनोज गौर और एसजी एस्टेट्स के डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने बताया कि बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर और अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। 4 लाख किलोमीटर सड़कों का विकास और ग्रामीण इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने से इस सेक्टर को फायदा होगा।

क्रेडाई के अध्यक्ष मनु गर्ग ने बताया कि आम बजट में रियल एस्टेट सेक्टर को सीधे तौर पर तो कोई लाभ नहीं मिला, लेकिन बुनियादी ढांचे के सुधार से रियल एस्टेट को फायदा होगा। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अफोर्डेबल हाउस बनाने से बिल्डरों और गरीबों को फायदा होगा। यह सरकार का सराहनीय कदम है।